सांध्य दैनिक
# 4PM
जिद...सच की
मूल्य ₹ 3/-
www.4pm.co.in | www.facebook.com/4pmnewsnetwork | @Editor_Sanjay | YouTube @4pm NEWS NETWORK
● वर्ष: 8 ● अंक: 63 ● पृष्ठ: 8 ● लखनऊ, बुधवार, 6 अप्रैल, 2022



प्रलय के समय समुद्र अपनी मर्यादा को छोड़ देता है यानि तटों को पार कर जाता है, लेकिन सज्जन लोग विपत्ति आने पर कभी अपनी मर्यादा को नहीं छोड़ते। -चाणक्य



सरकार ने तोड़ा वादा, सड़कों पर... 2 | शिवपाल यादव का रामभक्त हो... 3 | उत्तर प्रदेश में दौड़ रही अपराध की... 7

# एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प को सशक्त कर रही भाजपा: मोदी

## भाजपा के 42वें स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं को दी शुभकामना

» सबका साथ, सबका विकास के मंत्र से मिल रहा सबका विश्वास, विपक्ष पर भी साधा निशाना



4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। भाजपा के 42वें स्थापना दिवस पर पीएम नरेंद्र मोदी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सबका साथ, सबका विकास के मंत्र के साथ हम सबका विश्वास प्राप्त कर रहे हैं। हमारी सरकार राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखते हुए काम कर रही है। आज देश के पास नीतियां भी हैं, नीयत भी है। देश के पास निर्णय शक्ति भी है और निश्चयशक्ति भी इसलिए हम लक्ष्य तय कर रहे हैं, उन्हें पूरा भी कर रहे हैं। कश्मीर से कन्याकुमारी, कच्छ से कोहिमा तक भाजपा एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प को निरंतर सशक्त कर रही है।

उन्होंने कहा कि परिवारवादी पार्टियों ने देश के युवाओं के साथ विश्वासघात किया है। भाजपा इकलौती पार्टी है जो इस चुनौती से देश को सजग कर रही है। कुछ दल सिर्फ अपने परिवार के हितों के लिए काम करते हैं। एक दूसरे के भ्रष्टाचार को ढकते हैं। उन्होंने कहा कि गरीबों, दलितों, पिछड़ों, महिलाओं के हितों के लिए काम करना हमारी पार्टी के मूल संस्कार हैं इसलिए आज गरीबों, दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों के साथ ही महिलाएं भाजपा के पक्ष में खड़ी हैं। भाजपा ने वोट बैंक की राजनीति को न सिर्फ टक्कर दी है बल्कि इसके नुकसान देशवासियों को समझाने में भी सफल रही है।

## सत्ता नहीं, देश सेवा है लक्ष्य : योगी

» भाजपा ने लोकतंत्र के लिए किया संघर्ष

» कोरोना काल में जीवन के साथ जीविका भी बचाई

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। भाजपा के स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनैतिक दल है। आज भाजपा पीएम मोदी के नेतृत्व में काम कर रही है। राष्ट्र की एकता के लिए भाजपा ने काम किए। हमें सत्ता की राजनीति नहीं चाहिए। भाजपा का लक्ष्य राष्ट्र की सेवा करना है। देश की जनता आज भाजपा के साथ खड़ी है।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के लिए भाजपा ने संघर्ष किया है। दीनदयाल जी के सपने को साकार किया है। कोरोना प्रबंधन में अच्छा काम किया है। लोगों को मुफ्त वैक्सीन, मुफ्त इलाज दिया। दुनिया ने भारत का कोरोना प्रबंधन मॉडल देखा। राष्ट्रीय सुरक्षा के मोर्चे पर कई काम किए। 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन दिया गया। सबका साथ, सबका विकास भाजपा का लक्ष्य है। नौजवानों के लिए योजनाएं चलाई गईं। हमने जीवन के साथ जीविका भी बचाई। उन्होंने कहा कि पहली बार 12 करोड़ घरों में शौचालय बनाए गए हैं। आज भूख से किसी की मौत नहीं होती है। हमारे लिए देश पहले है, दल बाद में है। भाजपा कार्यकर्ताओं के समर्पण पर कोई संदेह नहीं। हर दिन परीक्षा देने के लिए तैयार रहना होगा। यूपी में पांच लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा की यात्रा देश और दुनिया के विश्लेषकों के लिए कौतूहल का विषय है। ये यात्रा बहुत कुछ कह देती है। भारतीय जनसंघ की स्थापना का उद्देश्य यही था कि हमें सत्ता की राजनीति नहीं, बल्कि भारत के लिए समर्पण का भाव पैदा करने वाले लोगों को एक राजनीतिक दल के रूप में आगे



राष्ट्र की एकता के लिए पार्टी ने किया काम

### राज्य मुख्यालय पर फहराया गया ध्वज, निकाली शोभा यात्रा



भाजपा आज अपना 42वां स्थापना दिवस धूमधाम से मना रही है। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ स्थित पार्टी के राज्य मुख्यालय पर सुबह नौ बजे ध्वज फहराया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, प्रदेश महामंत्री (संगठन) सुनील बंसल सहित अन्य वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके बाद शोभायात्रा शुरू हुई। जिसमें हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

# महंगाई पर कांग्रेस ने केंद्र को घेरा, देशव्यापी प्रदर्शन का ऐलान

» पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव वल्लभ बोले, जनता को लूटना मोदीनॉमिक्स का लक्ष्य

» रोज लगा रहे 80 पैसे का गुड मार्निंग टैक्स, कल सड़क पर उतरेंगे कार्यकर्ता

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। बढ़ती महंगाई को लेकर कांग्रेस ने मोदी सरकार पर हमले तेज कर दिए हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने कहा कि देश की जनता को लूटना ही मोदीनॉमिक्स का उद्देश्य है। मोदी जी का गुड मॉर्निंग मैसेज आता है और 80 पैसे पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाये जाते हैं। कांग्रेस महंगाई के खिलाफ सड़क पर उतरेगी। कल महंगाई के खिलाफ पार्टी देशव्यापी प्रदर्शन करेगी।

उन्होंने कहा कि 16 दिन में 14वीं बार पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाए गए। इस दौरान 10 रुपए लीटर पेट्रोल और डीजल महंगा हुआ है। पिछले आठ सालों में पीएम मोदी ने पेट्रोल और डीजल के टैक्स से 26.51 लाख करोड़ रुपए एकत्रित किए। वहीं पिछले 8 साल में भारत के हर परिवार ने एक लाख रुपए फ्यूल टैक्स के नाम पर दिए हैं। मार्च से लेकर अबतक एलपीजी में 140 रुपए 50 पैसे की वृद्धि हुई। टोल टैक्स 10 से 18 प्रतिशत बढ़ गया इससे 6120 करोड़ रूपए लोगों को चुकाना पड़ा। होम लोन पर सब्सिडी वापस ले ली गयी जबकि पीएफ घटा दिया गया। उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल के दाम चुनाव के कारण स्थिर रहे लेकिन उसके बाद से अब तक इनमें लगभग 10 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि हो चुकी है।

# एक्शन में सीएम योगी, योजनाओं को सेक्टर में बांटकर होगा काम

» 13 से 20 अप्रैल तक विभागों की सौ दिन की कार्ययोजना का प्रस्तुतीकरण देखेंगे योगी

4पीएम न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को नंबर एक बनाने का संकल्प लेकर दोबारा सत्ता में आई योगी सरकार ने मिशन मोड पर काम शुरू कर दिया है। सरकार अगले सौ दिन का रोडमैप बना रही है। इसके लिए तय किया है कि विभिन्न विभाग और उनकी योजनाओं को कुल दस सेक्टरों में बांटकर काम किया जाएगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बुलाई गई सभी विभागों की महत्वपूर्ण बैठक में फौरी तौर पर खाका खींच चुके मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने प्रस्तुतीकरण किया।

अब 13 से 20 अप्रैल तक योगी अलग-अलग विभागों की सौ दिन की कार्ययोजना का प्रस्तुतीकरण देखेंगे। यूपी सरकार 2.0 के शपथ ग्रहण के तुरंत बाद ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दे दिया था कि सरकार सौ दिन, छह माह और प्रति वर्ष के लक्ष्य तय कर पांच वर्ष काम करेगी। इसके लिए सौ दिन की कार्ययोजना सभी विभाग बना लें। कई दिन से मंत्री और अफसर इसकी तैयारी में जुटे हैं। मुख्य



सचिव ने सौ दिन के लिए समग्र कार्ययोजना का खाका बैठक में प्रस्तुत किया। उसे देखने के बाद सीएम योगी ने निर्देश दिया कि विकास के दृष्टिकोण से दस सेक्टर बना लिए जाएं। विभिन्न विभागों की योजनाओं को शामिल किया जाए। उन पर आपसी समन्वय के साथ विभाग कैसे काम कर सकते हैं, इसकी कार्ययोजना बनाएं। वर्तमान में जो भी अच्छी योजनाएं चल रही हैं, उनका उल्लेख करते हुए उन्हें और गति दी जाए। उन्होंने जोर दिया कि चुनाव के दौरान भाजपा ने जो लोक कल्याण संकल्प पत्र जारी किया था, उसके सभी बिंदु इस कार्ययोजना में समाहित होने चाहिए। सीएम योगी ने बैठक में कहा कि सौ दिन के लक्ष्य तय करते समय व्यावहारिक और आर्थिक पहलुओं का भी ध्यान रखा जाए। मंत्री अपने-अपने विभागों में विचार-विमर्श कर रणनीति बनाएं। ईज आफ लिविंग पर विशेष ध्यान दिया जाए।

## जिलों के दौरे पर भी निकलेंगे सीएम

13 से 20 अप्रैल तक की अवधि निर्धारित करने के पीछे यह भी तर्क दिया जा रहा है कि विधान परिषद (स्थानीय निकाय) चुनाव की वजह से अभी मंत्रियों को अपने-अपने क्षेत्रों में जाना है। 12 अप्रैल को चुनाव के परिणाम घोषित हो जाएंगे। उसके बाद सौ दिन की कार्ययोजना पर विभागवार काम शुरू किया जाएगा। इसके बाद मुख्यमंत्री जिलों के दौरों पर भी निकलेंगे। उसके पहले सभी जिलों के प्रभारी मंत्री और नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए जाने हैं। सौ दिन की कार्ययोजना के तहत कराए जाने वाले कार्यों की निगरानी का जिम्मा भी प्रभारी मंत्री और नोडल अधिकारियों का होगा।

# सरकार ने तोड़ा वादा, सड़कों पर उतरने के लिए तैयार रहें किसान : राकेश टिकैत

4पीएम न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि किसान आंदालन के लिए तैयार रहें। सरकार ने एमएसपी पर गारंटी कानून समेत अन्य मुद्दों पर किया वादा तोड़ दिया है। देशभर के किसानों को एकजुट कर आंदोलन किया जाएगा। मुजफ्फरनगर में महावीर चौक स्थित कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की बैठक में पहुंचे चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि केंद्र सरकार ने किसान आंदोलन को खत्म कराने के दौरान कुछ वादे किए थे।

चुनाव के बाद सरकार सब कुछ भूल गई है, लेकिन किसान नहीं भूले। किसान फिर एकजुट होकर आंदोलन करेंगे। बिजली, सिंचाई और फसलों के वाजिब दाम भी नहीं मिल रहे हैं। किसान आंदोलन से पीछे हटने वाले नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष राजवीर सिंह जादौन ने कहा कि कार्यकर्ता एकजुट हो जाएं। सरकार के खिलाफ फिर से लंबा संघर्ष करना पड़ेगा। भाकियू प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने जिला कारागार में बंद भाकियू कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। पिछले दिनों जिला अस्पताल में हुए हंगामे के मामले में भाकियू के चरथावल ब्लॉक अध्यक्ष समेत 10 कार्यकर्ता जेल में बंद है।

# छह माह में अधूरे पुल बनाए जाएं : जितिन प्रसाद

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। बरेली में पांच माह पहले पिलर धंसने के कारण टूटे कोलाघाट पुल की जांच व निर्माण में हो रही हीलाहवाली पर लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद सख्त हो गए। उन्होंने कई पुलों का निरीक्षण कर अधिकारियों को छह माह में जांच के साथ-साथ अधूरे पुलों का निर्माण पूरा कराने के निर्देश दिए। साथ ही तब तक लोगों के आवागमन में दिक्कत न इसके लिए अतिरिक्त पैंटून पुल के निर्माण व दोनों ओर की एप्रोच रोड को सही करने के लिए भी कहा। जलालाबाद से कलान व मिर्जापुर ब्लाक को जोड़ने वाला कोलाघाट पुल 29 नवंबर 21 को पिलर धंसने के कारण टूट गया था, जिसके बाद से जलालाबाद का दोनों ब्लाकों से संपर्क टूट गया। इसी बीच लोक निर्माण विभाग व सेतु निगम के अधिकारियों के साथ मंत्री जितिन प्रसाद कोलाघाट पहुंचे।

सेतु निगम के चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर सतीश कुमार ने जांच व पुल निर्माण के लिए छह माह का समय मांगा। जिस पर मंत्री ने इतने ही समय में दोनों काम पूरे कराने की हिदायत दी। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि पैंटून पुल तक जाने वाले रास्ते में रोज वाहन फंसते हैं। जाम लगता है। जिस पर मंत्री ने पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता अवनीश कुमार व चीफ इंजीनियर एम एम निसार खान से कहा कि पुल तक मिर्जापुर की दिशा में एप्रोच रोड पर खड़ंजा तथा जलालाबाद दिशा में लोहे की चादर बिछवाएं। खड़ंजा का काम 25 तथा लोहे की चादर 10 अप्रैल तक बिछवाने के लिए कहा। मंत्री ने कलान व जलालाबाद तहसीलों मे सड़कों पर गड्ढों को तत्काल भरवाने के निर्देश दिए।

# प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के लिए अपशब्द कहने वाला कोटेदार गिरफ्तार

4पीएम न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। मैनपुरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लेकर अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाले कोटा डीलर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने एक उपभोक्ता से फोन पर बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। मंगलवार को पकड़े गए आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।

थाना बिछवां क्षेत्र के गांव नगला जैनखां निवासी सुनीत कुमार ने कुछ दिन पूर्व राशन के संबंध में सुन्नामई निवासी कोटा डीलर हरिशचंद्र को फोन किया था। फोन पर राशन को लेकर हुए विवाद के बाद कोटा डीलर ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के लिए अपशब्द कहे थे। मामले में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही थी। सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने थाने पहुंच कर दोषी के खिलाफ दंडात्मक धारा बढ़ाकर कार्रवाई की मांग की थी।

# पेयजल योजनाओं में लापरवाही पर करवाएंगे कार्रवाई : रामकेश

4पीएम न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। राजनीतिक जुमलेबाजी से फिलहाल अछूते और सीधी सपाट बातचीत के आदी प्रदेश के नवनियुक्त जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने बेबाकी से स्वीकारा है कि उनके गृह जनपद में उनके मंत्रालय वाली पेयजल योजनाओं में सब ठीक नहीं है। इसीलिए अफसरों को दो टूक कहा है कि अब तक जो चलता रहा वो ठीक है, लेकिन जो कमियां हैं शीघ्र दूर करें। जनपद की ज्वलंत और गंभीर समस्या अन्ना मवेशियों के बारे में राज्यमंत्री ने स्वीकारा कि यहां यह बड़ी समस्या है।

उन्होंने साफ कहा कि गोशालाओं को जो पैसा दिया जा रहा है वह पूरा खर्च नहीं हो रहा। जबकि गोशालाओं के प्रति सरकार संजीदा है। गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ वह खुद कार्रवाई करवाएंगे। राज्यमंत्री ने बांदा आकर सबसे पहले अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर लंबित परियोजनाओं के बारे में जानकारी ली है। किस परियोजना पर कितना काम हुआ है? पूरा न होने के क्या कारण हैं? यह सब दो दिन के अंदर जवाब मांगा है। उन्होंने कहा जनपद में पेयजल की कोई समस्या नहीं होने दूंगा। अधिकारियों से साफ कह दिया है कि जो कमियां हैं, उन्हें तत्काल सही करा लें। उन्होंने कहा कि अमलीकौर और खटान परियोजनाएं दोनों ही हमारे जनपद के लिए महत्वाकांक्षी परियोजनाएं हैं। संबंधित अधिकारियों से इसकी प्रगति रिपोर्ट समीक्षा बैठक में तलब की है।



बामुलाहिजा
कार्टून: हसन जैदी




# विकास कार्यक्रमों से बदलें गांव और गरीबों की तस्वीर, लंबित न रहे कोई फाइल : केशव मौर्य

» गरीबों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाए

4पीएम न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कोई भी पत्रावली किसी भी पटल पर लंबित नहीं रहना चाहिए, परिवादों के मामलों पर विशेष ध्यान दिया जाए। योजनाओं को युद्ध स्तर पर संचालित करें। गांव, गरीबों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि कार्य धरातल पर नजर आने चाहिए।

केशव प्रसाद मौर्य ने उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण सड़क अभिकरण के सभागार में ग्राम्य विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी नीति बनाकर पूरी टीम भावना के साथ पूरा करें। योजनाओं की लगातार समीक्षा व अनुश्रवण करें और मौके पर जाकर हकीकत भी देखी जानी जाए। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं में लाभार्थियों के चयन के लिए पात्रता की जांच हो व चयन में पूरी पारदर्शिता रखी जाए। सभी कार्यालय समय से खुले और शत-प्रतिशत उपस्थिति रहे। उन्होंने आगामी 100 दिनों में किए जाने वाले विशेष कार्यों की तैयारियों की जानकारी ली। निर्देश दिए कि योजनाओं में जिन लाभार्थियों को लाभ दिया जाए, उन्हें उच्च स्तर से पत्र भेजा जाए ताकि उनका फीडबैक भी मिल सके। इसके अलावा पंचायतों के विकास कार्य में तेजी लाई जाए। मौर्य ने मनरेगा के तहत कराए जा रहे हैं विभिन्न कार्यों, श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मुख्यमंत्री आवास योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना, बीसी सखी आदि योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की।



## जो राम भक्ति में हैं उनका बीजेपी में स्वागत

प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल यादव के भाजपा में जाने को लेकर अटकलें चल रही हैं। वहीं कल शिवपाल यादव ने भगवान श्री राम की स्तुति वाला ट्वीट किया, जिसके बाद से अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। इस मामले में केशव मौर्य ने कहा कि जो भी आज तक राम भक्ति से दूर रहते थे, आज राम भक्ति कर रहे है, उन सबका स्वागत है।

# विधान परिषद चुनाव : एक-एक सीट पर भाजपा ने झोंकी ताकत, मतदाताओं को मनाने में जुटी

» 36 में से 35 सीटों पर जीत का लक्ष्य, नौ सीटों पर पहले ही जीत चुके हैं भाजपा प्रत्याशी

» 27 सीटों पर 9 अप्रैल को होना है मतदान, विधान परिषद में बहुमत हासिल करने की कवायद

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। विधान सभा चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में लगातार दूसरी बार लौटी भाजपा अब यूपी विधान परिषद चुनाव को फतह करने में जुट गयी है। विधान परिषद की स्थानीय प्राधिकार क्षेत्र की 36 सीटों के लिए हो रहे चुनाव में भाजपा संगठन और सरकार ने एक-एक सीट पर जीत के लिए पूरी ताकत लगा दी है। पार्टी नेता मतदाता को मनाने में जुटें है। पार्टी ने कम से कम 35 सीटों पर जीत का लक्ष्य रखा है।

विधान परिषद के स्थानीय प्राधिकार क्षेत्र सदस्य के चुनाव में ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर निकाय संस्थाओं के पार्षद, नगर पंचायत और नगर पालिका परिषद चेयरमैन, महापौर, विधायक और सांसद मतदान करते हैं। 36 सीटों के लिए हो रहे चुनाव में नौ सीटों पर भाजपा उम्मीदवार पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके है। 27 सीटों के लिए मतदान 9 अप्रैल को होगा। विधान परिषद में बहुमत हासिल करने की दृष्टि से भाजपा के लिए यह चुनाव सबसे महत्वपूर्ण है। विधान परिषद चुनाव के लिए भाजपा ने प्रदेश कार्यालय स्थित कंट्रोल रूम से एक-एक मतदाता से फोन पर संपर्क का कार्यक्रम शुरू किया है। पार्टी के कंट्रोल रूम में तैनात कार्यकर्ता मतदाताओं से फोन कर परिषद चुनाव को लेकर उनका मन जान रहे है। जो मतदाता स्पष्ट तौर पर भाजपा उम्मीदवार को वोट देने की बात कहते हैं उन्हें ए श्रेणी में रखा जाता है। जो मतदाता चुनाव नजदीक आने पर इसका निर्णय करने की बात कहते हैं उन्हें बी श्रेणी में रखा जाता है और कुछ मतदाता किसी भी कीमत पर भाजपा उम्मीदवार को वोट नहीं देने की बात कहते हैं उन्हें सी श्रेणी में रखा जाता है। सी श्रेणी वाले मतदाताओं को लेकर सरकार और संगठन के स्तर से रणनीति तय हो रही है। 9 अप्रैल को होने वाले मतदान से दो से तीन दिन पहले सी श्रेणी वाले मतदाताओं से संपर्क का अभियान शुरू होगा। पार्टी का प्रयास है कि सी श्रेणी वाले मतदाताओं को भी हर हाल में समर्थन में लाना है।



## तैयार कर रहे रणनीति

कंट्रोल रूम में मतदाताओं के श्रेणीवार फीडबैक के आधार पर पार्टी चुनावी रणनीति तैयार कर रही है। जिलों में चुनाव के लिए प्रभारी के रूप में तैनात पार्टी पदाधिकारी, सरकार के मंत्री और जिले की टीम को ए श्रेणी वाले मतदाताओं से लगातार संपर्क बनाए रखने को कहा जा रहा है। वहीं बी श्रेणी वाले मतदाताओं से संपर्क कर उनकी समस्या का वाजिब समाधान करने को कहा गया है।

## प्रत्याशी पूरी ताकत से जुटे

भाजपा के प्रत्याशी भी चुनाव में पूरी ताकत से जुट गए है। पार्टी के उम्मीदवारों ने साफ संदेश दिया है कि किसी भी कीमत पर उन्हें चुनाव जीतना है। जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव की तर्ज पर परिषद चुनाव में भी मतदाताओं को अपने खेमे में शामिल करने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

## सरकार ने पहले ही साफ कर दिया है रुख

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने पहले ही साफ कर दिया है कि प्रदेश में नई सरकार बनने के बाद परिषद चुनाव सरकार व संगठन की पहली परीक्षा है। चुनाव के मतदाता ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों, ब्लॉक प्रमुखों और जिला पंचायत सदस्यों से मुखातिब होते हुए साफ कर दिया था कि जब सरकार बिना किसी भेदभाव के सहयोग कर रही है तो उनका भी दायित्व हैं कि वह परिषद चुनाव में पार्टी उम्मीदवारों को मतदान कर सरकार को मजबूत बनाएं।

# शिवपाल यादव का रामभक्त हो जाना बदलाव का बड़ा संकेत

अयोध्या जाकर रामलला तथा हनुमान गढ़ी का दर्शन करने की है योजना

नवरात्रि के बाद प्रसपा प्रमुख ले सकते हैं बड़ा फैसला

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में प्रचंड जीत के बाद भारतीय जनता पार्टी की दोबारा सरकार बनने के बाद भी राजनीतिक सरगर्मी काफी तेज है। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव का भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेताओं के प्रति उमड़ा ट्विटर प्रेम और उनका रामभक्त हो जाना बदलाव का बड़ा संकेत दे रहा है। वैसे भी शिवपाल सिंह यादव यह कह चुके हैं कि वह नवरात्रि के बाद कोई बड़ा फैसला लेंगे। अब सभी की निगाह उनके फैसले पर ही टिकी है। भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद अब मिशन 2024 पर लग गई है।

भाजपा के इस मिशन में समाजवादी पार्टी के विधायक शिवपाल सिंह यादव भी बड़े मददगार साबित हो सकते हैं। शिवपाल सिंह यादव का ट्विटर पर भाजपा के बड़े नेताओं को फालो करने के साथ ही अयोध्या जाकर रामलला तथा हनुमान गढ़ी का दर्शन करने की योजना भी उनको रामभक्त साबित कर रही है। माना जा रहा है कि उत्तर प्रदेश के सबसे सबसे बड़े राजनीतिक यादव परिवार के मजबूत सदस्य शिवपाल सिंह यादव पर भगवा रंग चढ़ने लगा है। कल सुबह राम दरबार की एक फोटो शेयर कर चौपाई के जरिए अपनी बात कहने वाले शिवपाल सिंह यादव अब अयोध्या जाने की तैयारी में हैं। उनके इस ट्वीट के कई मतलब निकाले जा रहे हैं। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के मुखिया शिवपाल सिंह यादव के आने वाले दिनों में अयोध्या जाने के साथ भाजपा में शामिल होने की अटकलें भी तेज हैं। शिवपाल सिंह यादव ने बीते दिन कहा था कि अयोध्या में हनुमानगढ़ी तो जाना ही है। रामजन्मभूमि भी जाना है और दर्शन भी करना है। आगे के कदम पर उन्होंने कहा था कि नवरात्रि के बाद कुछ बड़ा फैसला लेंगे। शिवपाल यादव ने रामायण की चौपाई के साथ ट्वीट किया था और कहा था कि भगवान राम का चरित्र परिवार, संस्कृति और राष्ट्र निर्माण के लिए सबसे अच्छा स्कूल है। शिवपाल यादव ने ट्वीट लिखा था, प्रातकाल उठि कै रघुनाथा। मातु पिता गुरु नावहिं माथा॥ आयसु मागि करहिं पुर काजा। देखि चरित हरषइ मन राजा॥ भगवान राम का चरित्र परिवार, संस्कार और राष्ट्र निर्माण की सर्वोत्तम पाठशाला है। चैत्र नवरात्रि आस्था के साथ ही प्रभु राम के आदर्श से जुड़ने व उसे गुनने का भी क्षण है। वहीं शिवपाल के भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बारे में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जितने भी आज तक राम की भक्ति से दूर रहते थे, सब आज राम भक्ति कर रहे हैं, उन सबका स्वागत है।



## शिवपाल के माध्यम से बड़ा लाभ लेने के प्रयास में भाजपा

चाचा शिवपाल सिंह यादव तथा भतीजे अखिलेश यादव के बीच लड़ाई का लाभ भाजपा को मिल सकता है। भाजपा शिवपाल के सहारे समाजवादी पार्टी के खिलाफ बड़ा रणनीतिक दांव चल सकती है। माना जा रहा है कि शिवपाल यादव की भाजपा से बढ़ती नजदीकी उन्हें विधान सभा उपाध्यक्ष की कुर्सी पर बैठा सकती है। यदि ऐसा होता है, तो शिवपाल सदन में अपने भतीजे और नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव के नजदीक बैठेंगे। विधान सभा उपाध्यक्ष की सीट सदन में ठीक नेता प्रतिपक्ष के बगल में ही होती है।

## यादव बेल्ट पर भाजपा की नजर

मिशन 2024 के लिए भाजपा की नजर उत्तर प्रदेश के यादव बेल्ट पर है। इसी कारण शिवपाल सिंह यादव की पहल के बाद भाजपा अब उनके ऊपर नजर रख रही है। माना जा रहा है कि शिवपाल सिंह यादव 2024 के लोक सभा चुनाव में भाजपा को इटावा, मैनपुरी, कन्नौज, फिरोजाबाद व फर्रुखाबाद में बड़ा लाभ दे सकते हैं।

## सियासी जमीन की तलाश में शिवपाल

शिवपाल सिंह यादव इटावा जिले के जसवंतनगर से लगातार छह बार से विधायक हैं। समाजवादी पार्टी में किनारे की बेंच पर बैठाए गए शिवपाल सिंह यादव अपने लिए नई सियासी जमीन तलाशने के लिए भाजपा की ओर झुक रहे हैं। इसी क्रम में शिवपाल सिंह यादव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर चुके हैं। इतना ही नहीं, अब तो इंटरनेट मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी, सीएम योगी आदित्यनाथ तथा पूर्व डिप्टी सीएम डॉ. दिनेश शर्मा को फॉलो कर रहे हैं। इससे उनके भाजपा के साथ जाने के संकेत मिल रहे हैं।



Sanjay Sharma
editor.sanjaysharma
@Editor_Sanjay

## जिद... सच की

# जनता की सेहत से खिलवाड़ और तंत्र

> बाजार में केवल असली और नकली वस्तुओं का खेल ही नहीं चल रहा है बल्कि मिलावटी वस्तुएं भी धड़ल्ले से बेची और खरीदी जा रही हैं। खाद्य तेल, दूध, पनीर, मसाले, मिठाइयों समेत तमाम वस्तुओं में मिलावट की जा रही है। मसालों में तो केमिकल रंगों का इस्तेमाल किया जाता है। नामचीन प्रतिष्ठान भी अधिक दाम पर घटिया खाद्य सामग्री बेचने में पीछे नहीं हैं।

*प्रदेश में मिलावटखोरी का बाजार गर्म है। लखनऊ के नामचीन संस्थान भी इसमें पीछे नहीं हैं। ऐसे ही कुछ प्रतिष्ठानों पर घटिया सामान बेचने को लेकर एडीएम पूर्वी कोर्ट ने जुर्माना लगाया है। जांच में इनके खाद्य वस्तुओं के नमूने फेल मिले थे। यह महज बानगी है। हकीकत यह है कि मोटे मुनाफे के चक्कर में मिलावटखोर लोगों की सेहत से लगातार खिलवाड़ कर रहे हैं। तमाम दावों के बावजूद प्रदेश में यह धंधा धड़ल्ले से चल रहा है। मिलावटखोरों का नेटवर्क है और इस पर नियंत्रण लगाने में सरकारी तंत्र नाकाम है। सवाल यह है कि कड़े कानूनों के बावजूद मिलावटखोरों के हौसले बुलंद क्यों हैं? बाजार में घटिया और मिलावटी वस्तुओं की बिक्री पर नियंत्रण क्यों नहीं लग पा रहा है? क्या महज जुर्माना लगाने से हालात सुधर जाएंगे? क्या सतत निगरानी और जांच प्रक्रिया को अपनाए बिना मिलावटखोरों पर अंकुश लगाया जा सकता है? खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन आखिर क्या कर रहा है? मिलावटी वस्तुओं की बिक्री पर अंकुश लगाने के परंपरागत तरीकों के अलावा अन्य साधनों पर गौर करने की जरूरत संबंधित विभाग को महसूस क्यों नहीं हो रही है?*

*बाजार में केवल असली और नकली वस्तुओं का खेल ही नहीं चल रहा है बल्कि मिलावटी वस्तुएं भी धड़ल्ले से बेची और खरीदी जा रही हैं। खाद्य तेल, दूध, पनीर, मसाले, मिठाइयों समेत तमाम वस्तुओं में मिलावट की जा रही है। मसालों में तो केमिकल रंगों का इस्तेमाल किया जाता है। नामचीन प्रतिष्ठान भी अधिक दाम पर घटिया खाद्य सामग्री बेचने में पीछे नहीं हैं। ऐसे कई केस सामने आ चुके हैं। बाजार में मिलावटी वस्तुओं को खपाने के लिए पूरा नेटवर्क है। यह नेटवर्क माल बनाने से लेकर बाजार तक पहुंचाने का काम करता है। अधिक मुनाफे के लालच में दुकानदार भी इसमें शामिल हो रहे हैं। वहीं विशेषज्ञों का कहना है कि मिलावटी खाद्य वस्तुओं के लंबे समय तक सेवन करने से मनुष्य को कई बीमारियां हो सकती हैं। यह सबसे अधिक पाचन तंत्र को प्रभावित करता है। मिलावटी सरसों तेल से ड्राप्सी जैसी बीमारी भी हो सकती है। यह स्थिति तब है जब मिलावटखोरी पर अंकुश लगाने के लिए हर जिले में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग है। सच यह है कि विभागीय कर्मचारी जांच के नाम पर केवल कागजी खानापूर्ति करते हैं। जब तक नमूने का जांच परिणाम आता है तब तक बाजार में सारा माल बिक चुका होता है। जाहिर है यदि सरकार मिलावटखोरी पर अंकुश लगाना चाहती है तो उसे परंपरागत तरीकों की जगह नयी रणनीति बनानी होगी साथ ही ऐसे लोगों को त्वरित सजा दिलाने की व्यवस्था करनी होगी अन्यथा हालात बद से बदतर होते रहेंगे।*

संजय

(इस लेख पर आप अपनी राय 9559286005 पर एसएमएस या info@4pm.co.in पर ई-मेल भी कर सकते हैं)

# स्वास्थ्य क्षेत्र में आत्मनिर्भरता जरूरी

**रघुवीर चारण**

कोरोना महामारी के उपरांत ग्लोबल स्तर पर हमें यही सीख मिली कि स्वास्थ्य ढांचे को सुदृढ़ बनाना चाहिए। इस महामारी काल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सभी देशों की स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली खुलकर सामने आई। हम अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य दिवस की 72वीं वर्षगांठ मनाने जा रहे हैं। हर साल दुनियाभर में इस दिन विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं में विस्तार व सामाजिक स्तर पर जागरूकता लाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करवाए जाते हैं। वर्ष 2022 विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम 'हमारा ग्रह हमारा स्वास्थ्य' है।

डब्ल्यूएचओ के अनुसार, किसी व्यक्ति का शारीरिक, सामाजिक व मानसिक रूप से पूर्ण स्वस्थ होना स्वास्थ्य कहलाता है। कोविड के दौरान शारीरिक के साथ मानसिक रोगों में वृद्धि देखने को मिली। देश में त्रि-स्तरीय स्वास्थ्य प्रणाली है, सर्वप्रथम ग्रामीण स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, शहरी क्षेत्रों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व डिस्ट्रिक्ट लेवल पर जिला अस्पताल होता है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण कड़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है क्योंकि देश की 70 प्रतिशत आबादी गांवों में बसती है। इन केंद्रों पर संपूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं का आज भी अभाव है। अधिकतम स्वास्थ्य केंद्र नर्सिंग कर्मियों के भरोसे चल रहे हैं। वहीं सीएचसी पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के चलते आम जनता को परेशानियां होती हैं।

नागरिकों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए चिकित्सा सिद्धांतों में बदलाव लाना होगा। हम क्यूरेटिव हेल्थ पर जोर देते हैं यानी रोग का शमन करना है प्रिवेंटिव हेल्थ और प्रमोटिव हेल्थ को इग्नोर कर देते हैं। प्रिवेंटिव हेल्थ अर्थात रोगों से बचाव के उपाय करना। इसमें सबसे मुख्य प्रमोटिव हेल्थ है यानी स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा करना और आरोग्य को बढ़ावा देना तथा आदर्श जीवनशैली का पालन करना। आयुर्वेद का सिद्धांत भी यही है। आज भारत स्वास्थ्य क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। देश में कुल 13 लाख पंजीकृत एलोपैथी डॉक्टर हैं, जिसमें 80 प्रतिशत प्रैक्टिस कर रहे हैं। इसके अलावा करीब साढ़े पांच लाख आयुष डॉक्टर भी हैं।

नीति आयोग द्वारा 'विजन 2035 भारत में जन स्वास्थ्य निगरानी' नाम से एक श्वेत पत्र जारी किया गया है जो त्रिस्तरीय जनस्वास्थ्य व्यवस्था को आयुष्मान भारत की परिकल्पना में शामिल करते हुए जन स्वास्थ्य निगरानी के लिए भारत के विजन 2035 को पेश करता है। यह विस्तारित रेफरल नेटवर्क और प्रयोगशाला-क्षमता बढ़ाने की जरूरत भी बताता है। देश के हेल्थ इंडेक्स में दक्षिण भारतीय राज्यों का दबदबा कायम रहा। इसमें केरल प्रथम पायदान पर, उसके बाद तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश सर्वोत्तम स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में आगे रहे। सर्वे में उत्तर प्रदेश निचले पायदान पर रहा जहां स्वास्थ्य ढांचे में विस्तार की जरूरत है। भारत में स्वास्थ्य क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए वित्तीय वर्ष 2022 में 86 हजार करोड़ का बजट आवंटित किया गया यानी बीते वर्ष की तुलना में 16 फीसदी अधिक।

इसके साथ ही मेंटल हेल्थकेयर को बढ़ावा देने के लिए नेशनल टेलीमेडिसिन प्रोग्राम की घोषणा की गई जिसके तहत सभी नागरिकों के लिए यूनीक हेल्थ कार्ड बनाएं जायेंगे।




> कोविड के दौरान शारीरिक के साथ मानसिक रोगों में वृद्धि देखने को मिली। देश में त्रि-स्तरीय स्वास्थ्य प्रणाली है, सर्वप्रथम ग्रामीण स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, शहरी क्षेत्रों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व डिस्ट्रिक्ट लेवल पर जिला अस्पताल होता है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण कड़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है क्योंकि देश की 70 प्रतिशत आबादी गांवों में बसती है। इन केंद्रों पर संपूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं का आज भी अभाव है।

इसके अलावा स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम), राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनआरएचएम), आयुष्मान भारत योजना सहित स्वास्थ्य व्यवस्था की प्रगति के लिए कई कार्यक्रम जारी हैं। आयुष्मान भारत योजना में कमजोर वर्ग के लोगों को हेल्थ इंश्योरेंस की सुविधा मिलती है। इसके तहत देश के 10 करोड़ परिवारों को सालाना 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा मिल रहा है।

आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत के लिए प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना प्रारम्भ की गई जिसका उद्देश्य समग्र स्वास्थ्य धरातल स्तर तक पहुंचाना है। इसके साथ आयुष मंत्रालय द्वारा वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों का विस्तार किया जा रहा है।

# पानी सहेजने की डालें आदत



**पंकज चतुर्वेदी**

> देश के 13 राज्यों के 135 जिलों की कोई दो करोड़ हेक्टेयर कृषि भूमि हर दस साल में चार बार पानी के लिए त्राहि-त्राहि करती है। हम इस बात को नजरअंदाज कर रहे हैं कि यदि सामान्य से कुछ कम बारिश भी हो और प्रबंधन ठीक हो तो इसके असर को गौण किया जा सकता है। भारत में दुनिया की कुल जमीन या धरातल का 2.45 फीसदी क्षेत्रफल है।

अनुमान है कि बीते दो सालों की तरह इस बार भी मॉनसून की कृपा देश पर बनी रहेगी। उसके बावजूद बरसात के विदा होते ही देश के बड़े हिस्से में बूंद-बूंद के लिए मारामारी शुरू हो जाती है। नदी, तालाब, बावड़ी, जोहड़ आदि जल स्रोत नहीं हैं, ये केवल जल सहेजने के खजाने हैं। जल स्रोत तो बारिश ही है और जलवायु परिर्तन के कारण साल दर साल इसका अनियमित होना, बेसमय होना और अचानक तेज गति से होना घटित होगा ही। आंकड़ों को देखें तो हम पानी के मामले में दुनिया में सर्वाधिक समृद्ध हैं लेकिन चिंता का विषय यह है कि पूरे पानी का कोई 85 फीसदी बारिश के तीन महीनों में समुद्र की ओर बह जाता है और नदियां सूखी रह जाती हैं। यह सवाल लगभग हर तीसरे साल खड़ा हो जाता है कि 'औसत से कम' पानी बरसा या बरसेगा, तो अब क्या होगा?

देश के 13 राज्यों के 135 जिलों की कोई दो करोड़ हेक्टेयर कृषि भूमि हर दस साल में चार बार पानी के लिए त्राहि-त्राहि करती है। हम इस बात को नजरअंदाज कर रहे हैं कि यदि सामान्य से कुछ कम बारिश भी हो और प्रबंधन ठीक हो, तो इसके असर को गौण किया जा सकता है। भारत में दुनिया की कुल जमीन या धरातल का 2.45 फीसदी क्षेत्रफल है। दुनिया के कुल संसाधनों में से चार फीसदी हमारे पास हैं और जनसंख्या की भागीदारी 16 प्रतिशत है। हमें हर साल औसतन 110 सेंटीमीटर बारिश से कुल 4000 घन मीटर पानी प्राप्त होता है जो दुनिया के अधिकतर देशों से बहुत ज्यादा है पर बारिश के कुल पानी का महज 15 प्रतिशत ही संचित हो पाता है। कम बारिश में भी उगनेवाले मोटे अनाज, जैसे- ज्वार, बाजरा, कुटकी आदि की खेती व इस्तेमाल कम हुआ है, वहीं ज्यादा पानी मांगनेवाले सोयाबीन व अन्य नगदी फसलों का हिस्सा बढ़ा है। इससे बारिश पर निर्भर खेती बढ़ी है। यह आंकड़ा वैसे बड़ा लुभावना लगता है कि देश का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 32.80 लाख वर्ग किलोमीटर है जबकि सभी नदियों का सम्मिलित जलग्रहण क्षेत्र 30.50 लाख वर्ग किलोमीटर है।

भारतीय नदियों से 1645 घन किलोलीटर पानी सालाना बहता है, जो दुनिया की कुल नदियों का 4.44 प्रतिशत है। उत्तरी हिस्से में नदियों में पानी का 80 फीसदी जून से सितंबर के बीच रहता है। दक्षिणी राज्यों में यह आंकड़ा 90 प्रतिशत है। जाहिर है कि आठ महीनों में पानी का जुगाड़ न तो बारिश से होता है और न ही नदियों से। जल को लेकर हमारी मूल सोच में थोड़ा बदलाव करना होगा। एक तो यह जान लें कि जल का स्रोत केवल बरसात है या फिर ग्लेशियर। दुखद है कि बरसात की हर बूंद को पूरे साल जमा करनेवाली गांव-कस्बे की छोटी नदियां बढ़ती गर्मी, घटती बरसात और जल संसाधनों की नैसर्गिकता से लगातार छेड़छाड़ के चलते या तो लुप्त हो गयीं या गंदे पानी के निस्तार का नाला बना दी गयीं। चप्पे-चप्पे पर छितरे तालाब तो हमारा समाज पहले ही चट कर चुका है। बाढ़-सुखाड़ के लिए बदनाम बिहार जैसे सूबे की 90 प्रतिशत नदियों में पानी नहीं बचा। गत तीन दशक के दौरान राज्य की 250 नदियों के लुप्त हो जाने की बात सरकारी महकमा स्वीकार करता है। झारखंड में भी 141 नदियों के गुम हो जाने की बात दस्तावेजों में तो दर्ज है। नदियों का जीवन स्थल कहा जानेवाला उत्तराखंड हो या फिर दुनिया की सबसे ज्यादा बरसात के लिए मशहूर मेघालय, छोटी नदियों के लुप्त होने का सिलसिला जारी है। प्रकृति तो हर साल कम या ज्यादा पानी से धरती को सींचती ही है लेकिन हमने पानी को लेकर अपनी आदतें खराब कीं। जब कुएं से पानी खींचना होता था या चापाकल चलाना होता था, तो जरूरत भर पानी ही उलीचा जाता था। नल लगने और फिर ट्यूब वेल लगने के बाद तो एक गिलास पानी के लिए बटन दबाते ही दो बाल्टी पानी बर्बाद करने में हमारी आत्मा नहीं कांपती है।

हमारी परंपरा हर बूंद को सहेजने, नदियों के प्राकृतिक मार्ग में बांध, रेत निकालने, मलबा डालने, कूड़ा मिलाने जैसी गतिविधियों से बच कर, पारंपरिक जल स्रोतों की हालात सुधार कर एक महीने की बारिश से सालभर पानी की कमी से जूझने की रही है। हम भूल जाते हैं कि प्रकृति जीवनदायी संपदा यानी पानी को हमें एक चक्र के रूप में प्रदान करती है और इस चक्र को गतिमान रखना हमारी जिम्मेदारी है। इसके थमने का अर्थ है हमारी जिंदगी का थम जाना। प्रकृति के खजाने से हम जितना पानी लेते हैं, उसे वापस भी हमें ही लौटाना होता है। इसके लिए जरूरी है कि विरासत में हमें जल सहेजने के जो साधन मिले हैं, उनको मूल रूप में जीवंत रखें। केवल बरसात ही जल संकट का निदान है तो इस तीखी गर्मी को एक अवसर जानें और अपने गांव-मुहल्लों के सूखे पुराने तालाब, कुएं, नदी आदि के लिए श्रमदान करें और उनकी गाद-गंदगी निकालें एवं खेतों में डाल दें। यदि हर नदी-तालाब की महज एक फुट गहराई बढ़ गयी तो अगली बरसात तक हमारे समाज को पानीदार बने रहने से कोई नहीं रोक पायेगा।

## मसूरीः यात्रा एक आश्चर्यलोक की

# जहां संरक्षित है हिमालय का सांस्कृतिक इतिहास



गीताश्री

मसूरी की यात्रा इस बार एक आश्चर्यलोक में जाकर पूरी होती है। मेरी तरह कई यात्री इससे अनजान होंगे। इस बार जो नया लोक देखा , उसे सबको देखना चाहिए। खासकर उन्हें जो कला -संस्कृति से जुड़े हों, जिनकी दिलचस्पी लुप्त होती चीजों को देखने में है। जिस तरह पुरानी चीज़ें, डिजाइन लुप्त हो रहे, आने वाले वक्त में उन्हें ढूंढ न पाएंगे। उन्हें सहेजने के लिए कोई तो हो। गैर सरकारी प्रयासों से कई बार बड़े काम होते हैं।



मसूरी में इस बार देखा - जाना - सोहम हिमालयन सेंटर । और मिली हिमालयन हीरोज से, हिमालय के दीवानों से। हिमालय लवर्स - समीर शुक्ला और कविता जी से। कला-संस्कृति के पारखी इस दंपति ने अपना जीवन हिमालय को ही समर्पित कर दिया है? उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार का एक क्लास वन ऑफिसर हिमालय के, उसकी संस्कृति के इतने दीवाने निकले की अच्छी-खासी नौकरी छोड़कर, (सनद रहे, रिटायरमेंट नहीं) मसूरी में बस गए और अपने पैसों और संसाधनों से बनाया एक ऐसा म्यूजियम जहां हिमालय , विशेषकर उत्तराखंड की कला-संस्कृति संग्रहित है। कविता ख़ुद एक बेहद पारंगत चित्रकार हैं जो इन दिनों पारंपरिक चित्रकला को फिर से पेंट करके पुनर्जीवित कर रही हैं।



गौरतलब है कि जो अब किसी गांव में शायद ही मिले, ऐसी पारंपरिक वस्तुएं वहां मिलेंगी। हरेक क्षेत्र से जुड़ी वस्तुएं, चाहे कृषि में उपयोग आने वाले सामान हों या स्त्रियों के पारंपरिक गहने, रसोई में इस्तेमाल होने वाले बर्तन, उपकरण, अलग - अलग इलाकों के पारंपरिक घरों के स्थापत्य का नमूना, आज़ादी पूर्व की श्वेत-श्याम तस्वीरें। यहां तक कि हस्तलिखित पांडुलिपियां भी। निजी प्रयासों से बना एक संग्रहालय आज पर्यटकों को खींच रहा है। मसूरी टूरिज्म में एक अनोखा म्यूजियम जुड़ गया है जहां दो हिमालयन दीवाने भी उत्साह से भरे मिलेंगे। जो ख़ुद भी पेंटिंग बनाते हैं और मूर्ति भी। दीवारों पर म्यूरल्स भी। सबमें स्थानीय प्राचीन कला की झलक मिलेगी। बिना जिद और जुनून के ऐसा काम संभव नहीं।

सबसे अच्छी बात कि अब लोग दुर्लभ पुरानी चीज़ें म्यूजियम को दे आते हैं। यहां उनका रख-रखाव अच्छे से जो होता है। समीर शुक्ला बहुत उत्साह से भर कर बताते हैं कि कैसे सुदूर पर्वतीय इलाक़ों में जा-जा कर ये दुर्लभ वस्तुएं जुटाई। समीर बताते हैं, संग्रहालय में संरक्षित इन वस्तुओं को जुटाने में बहुत मेहनत हुई लेकिन हमने ठान लिया था कि ये काम करके रहेंगे। उनकी मेहनत, इच्छा और स्वप्न साकार हो गए हैं। उत्तराखंड का सांस्कृतिक इतिहास संरक्षित किया जा रहा है। जाहिर है, एक प्रदेश के सांस्कृतिक इतिहास को सहेजना इतना आसान भी नहीं। कोई सरकारी सहायता नहीं, बस जो भी कमाई होती है, इसी में झोंक देते हैं। उनकी पत्नी कविता लुप्त होती चित्र शैली को दीवारों पर, पेपर और कैनवस पर उकेरती हैं। साथ में समाज सेवा भी करती हैं। महामारी काल से पहले अनेक स्थानीय, जरूरतमंद बच्चों को ट्यूशन पढ़ाती थीं। ऐसा अनूठा संग्रहालय अगर टूरिज्म से जुड़ जाए तो खूब लोग आएंगे। अभी भी दिन भर लोग आते हैं। धीरे -धीरे लोकप्रियता बढ़ रही है और लोग आ रहे हैं। यह सुखद संकेत है।

**» समीर और कविता ने हिमालय को समर्पित किया जीवन**









## हंसना मना है

रमेशः यार सुरेश, मेरी और मेरी गर्लफ्रेंड की शादी हो रही है। सुरेशः कब हो रही है?रमेशः मेरी 14 अगस्त को है और उसकी 14 सितंबर को।

सामने वाले अपार्टमेंट में एक महिला को देख पति हाथ हिला रहा था। पत्नीः मुस्कुराई। पतिः क्या हुआ? पत्नी- जिस महिला को तुम हाथ हिला रहे थे, वो असल में खिड़की के शीशे साफ कर रही थी।

रीना अपने बढ़ते वजन से परेशान होकर अस्पताल गई। रीना- मेरा वजन किस तरह से कम होगा ? डॉक्टर- अपनी गर्दन को दाएं-बाएं हिलाएं। रीना- किस समय? डॉक्टर- जब कोई खाने को कहे।

जज- तुमने तेज गाड़ी चलाई है ,तुम्हें सजा मिलेगी। 30 दिन जेल या 3000 रुपए जुर्माना। अपराधी- साहब मुझे तो 3000 रुपए ही दे दो।


पत्नी टेबल पर चढ़कर घर साफ करते-करते गाना गा रही थी। अगर तुम मिल जाओ, जमाना छोड़ देंगे हम। पति ने भी गाना शुरू किया - अगर तुम गिर जाओ, दूसरी ढूंढ लेंगे हम। बेचारा पति अस्पताल में भर्ती है।

## कहानी | सियार के बुरे विचार

एक दिन की बात है जब कौआ कहीं चला गया तो सियार ने सोचा, यही मौका है। कौआ और लोमड़ी को अलग करने के लिए सियार लोमड़ी के पास गया और बोला लोमड़ी अपने बगल वाला जंगल में बहुत मीठे मीठे फल है। चलो न हम वहां से कुछ फल खाकर आते है। लोमड़ी बोली ठीक है। चलो! दोनों एक फल के खेत में गए। दोनो फल खाने लगे। तभी शिकारी आया और लोमड़ी पर जाल फेक दिया। यह देख सियार बहुत खुश हुआ और सोचा अब यह मर जाएगी। तो हमे खाने को मिलेगा। यह सोचते-सोचते वह बहुत खुश हुआ और एक बड़े से पत्थर के पास जाकर छुपकर लोमड़ी की ओर देखने लगा। तभी कौआ उसी रास्ते से घर जा रहा था। कौए ने लोमड़ी को देखा और लोमड़ी के पास गया। और सारी बात पूछी। लोमड़ी ने सारी बात बताई उसके बाद कौआ ने लोमड़ी को एक उपाय बताया। तू मरने की एक्टिंग करना जब तुम्हे मरा हुआ शिकरी समझ लेगा तो तुम पर से वह जाल हटाएगा। जैसे वह जाल हटाएगा वैसे तुम तेजी से भाग जाना। अब इधर सियार के मन में लड्डू फूटने लगा वह सोचने लगा, अब जाल निकलेगा। तभी शिकारी आया और लोमड़ी को मरा देखकर जाल उठाया। जाल उठाते ही लोमड़ी भाग गई। भागता देख शिकारी ने उस पर बरछी चलाई बरछी लोमड़ी को न लगकर सियार को लग गयी। सियार बेचारा मर गया। अब लोमड़ी औऱ कौआ दोनो साथ चले गए।

**सीखः किसी के साथ बुरा नहीं करना चाहिए।**

## 8 अंतर खोजें



## जानिए कैसा रहेगा कल का दिन



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री

**लेखक प्रसिद्ध ज्योतिषविद हैं। सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए कॉल करें-9837081951**

**मेष** – विवाह या सगाई में बड़े बुजुर्गो के हस्तक्षेप के कारण रूकावट आ सकती है। लव बर्डस के लिए दिन अच्छा है। रोमांस का मौका मिलेगा जीवन साथी का साथ मिलेगा।

**वृषभ** – घर परिवार के कारण पति-पत्नी में झगड़ा हो सकता है। आपका प्रयास रहेगा कि घर में प्रेम बना रहे। जीवनसाथी को अचानक धन लाभ हो सकता है।

**मिथुन** – लव रिलेशन में विश्वास और प्रेम बढ़ेगा। जरूरत है लवर पर विश्वास करने की। आपकी अविश्वास की भावना बढ़ते हुए रिश्तों पर रोक लगा सकती है।

**कर्क** – अगर आप अकेले हैं तो आपकी यात्राऐं ज्यादा होंगी। नये लोगों से मिलेंगे। नये रिश्ते बनेंगे। आपको कोई पसन्द आ सकता है। जिसके साथ आपकी दोस्ती लंबी चलेगी।

**सिंह** – धन और बच्चों के प्रति चिंतित रहेंगे। अनावश्यक खर्चे होंगे। विवाहित जन अपने रिश्तों में ताजगी लाने के लिये इंट्रेस्टिंग विकल्प सोच सकते हैं। प्यार भरी बात आपसी तकरार को कम करेगी।

**कन्या** – नये प्रेम संबंधों की शुरूआत जीवन में खुशियां लायेगी। किसी भी छोटी बात के कारण लवर के साथ लड़ाई हो सकती है। परिवार में धन, आमदनी को लेकर तनाव आ सकता है।

**तुला** – पहली नजर में प्यार हो सकता है। एक्साईटमेंट भरा दिन रहेगा। आज शरमायें नहीं प्रेमी को प्रपोज कर दें नहीं तो पछताते रह जायेंगे। रोमांचक और रोमांस से भरा दिन रहेगा।

**वृश्चिक** – लव पार्टनर के साथ अद्भुत पल बितायेंगे। अपने साथी को इंप्रेस करेंगे। आपके आकर्षण और स्मार्टनेस का लोग लोहा मानेंगे। पति पत्नी के जीवन में सुकून आयेगा।

**धनु** – व्यस्तता के कारण अपने लव पार्टनर को समय नहीं दे पायेंगे। विवाहित जातकों के बीच कुछ गलतफहमियां उत्पन्न हो सकती है। आपसी समझदारी मधुरता को बढ़ायेगी।


**मकर** – मन आज उदास रहेगा। धन का व्यय अधिक होगा। आप में क्षमता है उसका सही उपयोग करें। लव रिलेशन में कार्यवश दूरियां आ सकती हैं। नये लव पार्टनर की तलाश पूरी होगी।

**कुम्भ** – किसी भी चीज की अधिकता बुरी होती है। आपके मिजाज की रंगीनी आपको परेशानी में डाल सकती है। लव पार्टनर अधिक मांगें कर सकता है। आने वाले समय में खर्चे अधिक हैं।

**मीन** – प्रेमी से झगड़ा हो सकता है जरूरत है दृष्टिकोण बदलने की। प्रगति का दिन है। महत्वपूर्ण निर्णय लेने पड़ेंगे। उन्हें अपनी सोच के कारण खराब न करें। शांति बनाये रखें।

# ईशान खट्टर और अनन्या पांडे का हुआ ब्रेकअप!

मीडिया पर इन दिनों एक्टर ईशान खट्टर और अनन्या पांडे के ब्रेकअप की खबरों को लेकर चर्चा तेज हो गई है। कहा जा रहा है कि बॉलीवुड का ये यंग लव बर्ड अब अलग हो गया है। करीब तीन साल डेट करने के बाद अब ईशान और अनन्या ने अपना रिश्ता तोड़ने का फैसला कर लिया है। हालांकि कभी भी आधिकारिक तौर पर इस कपल ने अपने रिलेशनशिप में होने की बात कबूल नहीं की, लेकिन अक्सर दोनों के बीच लिंकअप की खबरें सामने आती रही है। ईशान और अनन्या फिल्म 'खाली पीली' एक साथ नजर आए थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अनन्या और ईशान ने अपना रिश्ता भले ही तोड़ा हो लेकिन दोनों अभी भी दोस्त हैं। आगे भी इस कपल को ऑन स्क्रीन रोमांस करते देखा जा सकता है। बताया जा रहा है कि 'खाली पीली' की शूटिंग के दौरान ही ईशान और अनन्या करीब आए थे। हालांकि ईशान का नाम इससे पहले जाह्नवी कपूर से भी जुड़ चुका है। दोनों ने फिल्म 'धड़क' से एक साथ बॉलीवुड में डेब्यू किया था। जाह्नवी कपूर और ईशान ने हमेशा अपने रिश्ते को दोस्ती का नाम दिया। इस बीच ईशान की लाइफ में अनन्या की एंट्री हुई और दोनों 3 साल तक साथ रहे। ईशान और अनन्या दोनों ही बॉलीवुड के यंग और टैलेंटेड स्टार्स है, इस समय वो अपने करियर पर फोकस करना चाहते हैं। ऐसा भी कहा जा रहा है कि कई मामलों में ईशान और अनन्या की सोच नहीं मिलती, इसलिए दोनों ने अलग होना बेहतर समझा।



बॉलीवुड मसाला

## बॉलीवुड मन की बात

# बड़े बजट की फिल्में करने से लगता है डर : शाहिद



शाहिद कपूर अपनी अपकमिंग फिल्म जर्सी की रिलीज को लेकर एक्साइटेड हैं। वह कुछ दिनों से जोर-शोर से फिल्म का प्रमोशन कर रहे हैं। इसी बीच हाल ही में शाहिद ने कहा कि वह बड़े बजट की फिल्मों को करने से डरते हैं। उन्होंने कहा कि उनका इंट्रेस्ट ही नहीं है अब ऐसी फिल्मों को करने का। शाहिद ने इसके साथ ही ऐसा करने के पीछे की वजह भी बताई है। शाहिद ने कहा, कबीर सिंह के बाद सभी कह रहे थे कि मुझे 150 करोड़ की फिल्म करनी चाहिए। लोग मुझे ज्यादा पैसा देना चाहते हैं। मैंने कहा हां जरूर पैसा मिलेगा, लेकिन फिल्म का क्या। एक बड़ी फिल्म और अच्छी फिल्म बनाने में अंतर है। मुझे नहीं लगता कि एक बड़े बजट की फिल्म दर्शकों को थिएटर तक ले आएगी। अगर आप चाहते हैं कि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर चले तो फिल्म को दर्शकों से कनेक्ट होना चाहिए। मेरे लिए पॉसिबल है कि मैं बड़ी फिल्म करूं, लेकिन मैं फिर जर्सी को क्यूं कर रहा हूं और वैसी फिल्में को क्यों नहीं? क्योंकि मैं फिल्मों को लेकर अपने दिल को फॉलो कर रहा हूं, फिल्म के साइज को नहीं देख रहा। मेरे लिए फिल्म का दिल ही फिल्म का साइज है। शाहिद ने आगे कहा, मैं ये नहीं मानता कि अगर आप बहुत पैसा खर्च करेंगे तो ज्यादा से ज्यादा ऑडियंस वहां आएगी। मैं तो बड़े बजट की फिल्मों को करने से डरता हूं क्योंकि वहां चीजें आपके हाथ से चली जाती हैं। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जिसे काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। फिल्म में शाहिद ने एक क्रिकेटर का किरदार निभाया है।

# पूनम पांडे ने निभाया अपना वादा तो उड़ गए फैंस के होश



पूनम पांडे रिएलिटी शो लॉक अप की सबसे बोल्ड कंटेस्टेंट हैं। वह शो में कुछ न कुछ ऐसा करती रहती हैं, जिसकी वजह से वह चर्चा में आ जाती हैं। हाल ही में पूनम ने फैंस से वादा किया था कि वह कैमरे के सामने अपनी टी-शर्ट उतार देंगी। अब उन्होंने अपना ये वादा पूरा कर दिया है। दरअसल, पूनम पांडे पिछले हफ्ते चार्जशीट में थीं तब उन्होंने अपने फैन्स से कहा था कि अगर उन्हें जमकर वोट्स मिले तो वह टॉपलेस हो जाएंगी। पूनम ने ऐसा बयान देकर तहलका मचा दिया था। शायद उनके वादे का ही कमाल था कि उन्हें फैंस ने खूब वोट्स दिए। हालांकि, दर्शकों से मिले प्यार के बाद पूनम ने भी अपना वादा निभा दिया है। लॉक अप शो की होस्ट कंगना रनौत ने पूनम पांडे को बताया कि इस हफ्ते उन्हें बाकी सभी कंटेस्टेंट से ज्यादा वोट मिले हैं। इसके बाद पूनम कैमरे के सामने आती हैं और अपनी टी-शर्ट उतार देती हैं फिर तुरंत पहन लेती हैं। इसके साथ ही वह अपने फैन्स को शुक्रिया भी कहती हैं। पूनम ने कहा कि मैं ज्यादा नहीं कर सकती। रुल्स ब्रेक नहीं कर सकती। यह बहुत ही खूबसूरत प्लेटफॉर्म है और हर उम्र के लोग इस शो को देख रहे हैं, तो मैं ऐसा कुछ नहीं करना चाहती, जिससे लोगों को बुरा लगे। पूनम ने आगे कहा कि मुझे प्रॉमिस भी पूरी करनी थी और लिमिट्स भी क्रॉस नहीं करने थे, तो मैंने उस हिसाब से किया। जो लोग मुझे अपनी टी-शर्ट उतारते हुए देखने का इंतजार कर रहे हैं, उनके लिए मैं शो के बाद सबकुछ करूंगी, लेकिन इस हफ्ते मैं आप लोगों को भर-भरकर एंटरटेनमेंट दूंगी।

बॉलीवुड तड़का

# ये है दुनिया का सबसे गर्म स्थान, जहां 100 डिग्री से ऊपर निकल जाता है तापमान



देशभर में इनदिनों भीषण लू से हाल बेहाल है। गर्मी के चलते लोगों की हालत खराब हो रही है। ऐसे में आपके मन में ये ख्याल जरूर आता होगा कि आखिर दुनिया में ऐसा कौनसा स्थान है जहां सबसे ज्यादा गर्मी पड़ती है। तो चलिए आज हम आपको दुनिया के ऐसे ही स्थान के बारे में बताने जा रहे हैं जहां इतनी गर्मी पड़ती है कि पलभर में इंसान की जान जा सकती है। दरअसल, हम बात कर रहे हैं अमेरिका के राज्य कैलिफोर्निया में मौजूद डेथ वैली की। जहां इतनी गर्मी पड़ती है कि आप अपने देश में पड़ने वाली गर्मी को भूल जाएंगे। भीषण गर्मी पड़ने की वजह से ही इस स्थान को डेथ वैली कहा जाता है। इस जगह पर जून से अगस्त के बीच इतनी ज्यादा गर्मी होती है कि पारा 100 डिग्री के भी ऊपर चला जाता है। ऐसे में यहां चंद मिनट गुजारना भी मुश्किल हो जाता है। डेथ वैली में 100 डिग्री सेल्सियस तापमान की बात मजाक नहीं है बल्कि कई बार तो यहां पारा इससे भी ऊपर निकल जाता है। इस जगह पर आने वाले पर्यटक गर्मी मापने वाले मीटर की तस्वीरें क्लिक करके अपने साथ ले जाते हैं। इस जगह पर इतनी गर्मी होने की वजह इसकी भौगोलिक स्थिति है। माना जाता है कि जून और अगस्त के महीने में डेथ वैली सबसे ज्यादा गर्म होती है। यहां पानी की काफी कमी है। अगर आप सोच रहे हैं कि यही पृथ्वी की सबसे गर्म जगह है, तो हम आपको बता दें दुनिया की सबसे गर्म जगह का रिकॉर्ड अल अजीजिया के नाम है, जहां अब से 100 साल पहले तापमान 136 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। अमेरिका के नेवाडा स्टेट में मौजूद डेथ वैली की लंबाई 225 किलोमीटर है जिसकी चौड़ाई 8-14 किलोमीटर है जो घटती-बढ़ती रहती है। बताते हैं कि यहां से गुजरने वाले इंसान और जानवर गर्मी की वजह से रास्ते में ही मर जाते थे। जब यहां जांच-पड़ताल की गई तो बड़ी संख्या में इंसान और जानवरों की हड्डियां मिली थीं। यही वजह से कि इसे डेथ वैली का नाम दिया गया। उसके बाद 1933 में अमेरिका की सरकार के इसे नेशनल मोन्यूमेंट का दर्जा दे दिया।

## अजब-गजब | कतर में है दुनिया का अनोखा अस्पताल

# दुनिया का अकेला ऐसा अस्पताल, जहां होता है सिर्फ पंखों वाले मरीजों का इलाज

दुनिया में एक से बढ़कर एक चीज़ें मौजूद हैं। एक ऐसा ही अजीबोगरीब अस्पताल मौजूद है कतर की राजधानी दोहा में। इस अस्पताल की खासियत है कि यहां आम लोगों का इलाज नहीं होता, बल्कि सिर्फ पंखों वाले मरीज़ों की ही यहां एंट्री है। ऐसा इसलिए क्योंकि ये अस्पताल इंसानों के लिए नहीं, खासतौर पर फाल्कन यानी बाज नाम के पक्षियों के लिए बनाया गया है। कतर में बड़ी संख्या में बाज पाए जाते हैं और यहां के लोग इस तेज़ नज़र वाले पक्षी को पालना अपनी शान की निशानी मानते हैं। जब पक्षियों की संख्या ज्यादा है, तो उनके लिए मेडिकल फैसिलिटी भी अच्छी होनी चाहिए। ऐसे में कतर में मौजूद Souq Waqif Falcon Hospital खास तौर पर बाजों के इलाज और उनकी जांच-पड़ताल के लिए ही बनाया गया है। यहां रोज़ाना 100-150 बाज इलाज के लिए आते हैं।




**साल 2008 से चल रहा है अस्पताल**

शौक वाकिफ फाल्कन हॉस्पिटल इसलिए बनाया गया है क्योंकि अरेबिक देशों में लोगों के पास बाज पारंपरिक तौर पर पाले जाते रहे हैं। वे उन्हें बेहतर से बेहतर हालत में रखते हैं। साफ-सफाई से लेकर उनके शारीरिक शेप और स्वास्थ्य का भी खास ख्याल रखा जाता है। ऐसे में ये अस्पताल साल 2008 में फाल्कन ओनर्स के लिए बनाया गया, जिसमें अत्याधुनिक सुख-सुविधाएं रखी गई हैं। यहां लग्ज़री सोफा, चमकदार शीशे के दरवाज़े और एसी वेटिंग रूम भी मौजूद है, जैसा कि सामान्य तौर पर अस्पतालों में होते हैं।

**पक्षियों के एक्स-रे से लेकर सर्जरी तक**

अस्पताल के अंदर पक्षियों का ब्लड टेस्ट, एंडोस्कोपी, एक्स-रे और अन्य टेस्ट भी किए जाते हैं। इतना ही नहीं जिन्हें ज़रूरत हो, उनके लिए पंख बदले जाने और टूट-फूट की मरम्मत भी कर दी जाती है। पक्षी से जुड़ी जितनी तरह की समस्याएं होती हैं, उन सबका इलाज यहां मौजूद है। ज्यादातर बाजों को यहां चोंच को शार्प करने और हड्डियों की सर्जरी के लिए लाया जाता है। मजे की बात ये है कि यहां पर मौजूद ज्यादातर स्टाफ पहले कुछ और काम करता था और उन्होंने देख-देखकर ही सारा काम सीखा है। कतर में लोगों को उनकी दौलत की वजह से जाना जाता है, ऐसे में उनके लिए पालतू बाज पर पैसे खर्च करना कोई नई बात नहीं है।

# उत्तर प्रदेश में दौड़ रही अपराध की बुलेट ट्रेन : अखिलेश यादव

» सपा प्रमुख ने कानून व्यवस्था और महंगाई पर सरकार को घेरा

» निर्दोषों का हो रहा उत्पीड़न, लगातार बढ़ रही बेरोजगारी

» झूठ के सहारे गिनाई जा रहीं उपलब्धियां

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। सपा प्रमुख और नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने कानून व्यवस्था व महंगाई के मुद्दे पर भाजपा सरकार को घेरा। उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश में भाजपा के दूसरे कार्यकाल में अपराध की रफ्तार दोगुनी हो गई है। बैंक लूट, लाकर चोरी, बलात्कार, गोली कांड और हत्या की घटनाएं निरंतर बढ़ रही हैं और अपराधियों की दबंगई चरम पर है। प्रदेश में अपराध की बुलेट ट्रेन दौड़ रही है।

तेजी से बढ़ रही महंगाई पर उन्होंने कहा कि आज के महंगाई के दौर में कंपनियां बढ़ती लागत जनता से वसूल रही हैं पर अपना लाभ कम नहीं कर रही हैं। लोकतंत्र में सरकार की भूमिका राज करने की नहीं बल्कि ऐसी नीतियां बनाने की होती है जो जनहित के लिए नियंत्रण रखे, जिससे कोई जनता का शोषण-उत्पीड़न न कर सके। भाजपा कंपनी बन गई है। इसके पूर्व सपा प्रमुख ने कहा था कि भाजपा राज में थाने, तहसील व कलेक्ट्रेट भ्रष्टाचार के अड्डा बन गए हैं। भाजपा सरकार की जीरो टालरेंस नीति महज दिखावा है। सत्ता के संरक्षण में प्रशासन निर्दोष व गरीबों का उत्पीड़न करने में लगा है। किसानों पर बुलडोजर चल रहा है। झूठ के सहारे अभी से उपलब्धियां गिनाई जा रही हैं। अखिलेश ने कहा था कि प्रदेश में भाजपा की पिछली सरकार में पांच लाख नौकरियां दिए जाने का दावा किया गया था। जिसका डाटा आज तक सार्वजनिक नहीं किया गया। अब भाजपा सरकार 100 दिन में 10 हजार नौकरियां देने का वादा कर रही है। इनकी करनी और कथनी को सभी ने देखा है। भाजपा सरकार की नई घोषणाएं महज झांसा हैं। युवाओं की नौकरी, रोजगार के प्रति भाजपा सरकार पूरी तरह संवेदनशून्य है।



## सादगी से मनायी निषादराज की जयंती

समाजवादी पार्टी ने मंगलवार को राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के कई जिलों में महर्षि कश्यप एवं निषादराज की जयंती सादगी से मनाई। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि महर्षि कश्यप और श्रृंगवेरपुर के महाराजा निषादराज गुह्य से हमें जीवन में आगे बढ़ने और लोक कल्याण के लिए कुछ करने की प्रेरणा मिलती है। उनका जीवन हमारे लिए प्रेरणास्रोत है। लखनऊ में निषादराज गुह्य की प्रतिमा पर समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष तथा एमएलसी डा. राजपाल कश्यप ने माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन हुआ।

# सुलतानपुर : कुएं में विवाहिता का शव मिलने से सनसनी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

» 20 दिन पहले बच्ची को दिया था जन्म

सुलतानपुर। कटावां गांव में विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के पास एक कुएं में मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इसके साथ ही पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।


मंगलवार की रात राम दयाल की पुत्री मीना मौर्या घरवालों को बिना कुछ बताए घर से बाहर निकली। काफी समय बीत जाने के बाद जब वह वापस नहीं आई तो परिवारजन ने ढूंढना शुरू किया। काफी देर बाद घर से करीब 200 मीटर दूर कुएं पर परिजनों की निगाह पड़ी। उसमें महिला गिरी दिखी। इस पर मीना के घरवालों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर आई पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों ने बताया कि मीना की शादी कूरेभार थाने के मुरैना तिवारीपुर निवासी हरिकेश मौर्य के साथ हुई थी। 20 दिन पहले उसने बच्ची को जन्म दिया था। चार दिन पहले वह मायके आई थी। घटना क्यों और कैसे हुई, इसका पता अब तक नहीं चल सका है। उपनिरीक्षक चुन्नूलाल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही मामले की छानबीन की जा रही है। अबतक इस कोई तहरीर नहीं मिली है।

### गोरखनाथ मंदिर हमला मामले में बड़ा खुलासा

# मुर्तजा ने आईएसआईएस के खाते में भेजे थे रुपये

» एटीएस के हाथ लगे चौंकाने वाले सबूत, सुरक्षा एजेंसियां सतर्क

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



गोरखपुर। गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा में लगे सिपाहियों पर हमले के आरोपी मुर्तजा अहमद अब्बासी ने आतंकी संगठन आईएसआईएस के बैंक खाते में लाखों रुपये भेजे हैं। इसकी जानकारी यूपी एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) को मिली है। एटीएस मुर्तजा को ढूंढते हुए सिविल लाइंस स्थित आवास पर भी गई थी, लेकिन वह नहीं मिला। मुर्तजा को यह पता चल गया था कि एटीएस ने गिरफ्तारी का जाल बिछा दिया है। लिहाजा, घर से लापता हो गया, फिर आनन-फानन घटना को अंजाम देने पहुंच गया। सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हैं।

एटीएस की अब तक की जांच से पता चला है कि मुर्तजा के जिन बैंक खातों से रुपये भेजे गए हैं, इसकी जानकारी मिल चुकी है। चार बैंक खातों का ब्योरा भी मिल चुका है। मुर्तजा ने लोन वुल्फ अटैक मॉड्यूल के तहत वारदात को अंजाम दिया है। एजेंसियां यह जानने की कोशिश कर रही है कि मुर्तजा किसके संपर्क में आने के बाद आईएसआईएस के बैंक खाते में रकम भेजने लगा था। एडीजी लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार ने कहा कि आतंकी संगठनों से सांठगांठ की बात सामने आई है। मामले की जानकारी जांच एजेंसी को है।

# खड़े टैंकर से टकरायी डबल डेकर बस, 40 मजदूर घायल

चालक और परिचालक फरार, दिल्ली-मुरादाबाद हाईवे पर हादसा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

अमरोहा। गजरौला में आज दिन निकलते ही दिल्ली-मुरादाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक बड़ा हादसा हो गया। सड़क पर खड़े टैंकर में पीछे से आई डबल डेकर निजी बस घुस गई। हादसे में बस में सवार 40 मजदूर घायल हो गए। हादसे के बाद चीख पुकार मचने पर काफी संख्या में लोगों की भीड़ लग गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को आनन-फानन में सीएचसी में भर्ती कराया। हादसे के बाद बस के चालक और परिचालक फरार हो गए। हादसे के बाद हाईवे जाम की चपेट में आ गया।

जिला गोंडा से चली एक निजी डबल डेकर बस में बहराइच व गोंडा के लगभग 90 मजदूर सवार होकर पंजाब की अंबाला मंडी में मजदूरी करने के लिए जा रहे थे।

» गोंडा से पंजाब की अंबाला मंडी जा रही थी बस



जैसे गजरौला में पहुंचे तो हाईवे पर खड़े टैंकर में बस जा घुसी। टैंकर से टकराने के बाद बस अनियंत्रित होकर सड़क के डिवाइडर में भी टकराई। तेज धमाके के साथ हुए हादसे से अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बस में सवार मजदूरों में चीख-पुकार मचने लगी। इस हादसे में लगभग 40 से अधिक मजदूर घायल हुए हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती करा कर दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया है। उधर, निजी डबल डेकर की बस के चालक और परिचालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गए। वहीं हादसे के बाद हाईवे पर जाम की समस्या भी उत्पन्न हो गई। पुलिस ने क्रेनों के माध्यम से दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर यातायात सुचारू कराया। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि हाईवे पर खड़े टैंकर में डबल डेकर की बस घुसी है। सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती करा कर क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया गया है।

# तो नरेंद्र मोदी के एकलव्य हैं केजरीवाल!

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। दिल्ली में केंद्र सरकार के खिलाफ आम आदमी पार्टी के धरने के प्रति कांग्रेस की बेरुखी और विरोधी-एकता को लेकर कुछ बुनियादी सवाल खड़े हुए हैं। कांग्रेस इस मामले में बीजेपी पर निशाना जरूर साध रही है पर उसके सीधे निशाने पर आम आदमी पार्टी है। आम आदमी पार्टी के खिलाफ भाजपा-कांग्रेस साथ क्यों? इस मुद्दे पर वरिष्ठ पत्रकार अशोक वानखेड़े, शीतल पी सिंह, अनिल रॉयल, प्रो. रविकांत, डॉ. सीपी राय, आप नेता प्रियंका कक्कड़ और 4पीएम के संपादक संजय शर्मा से एक लंबी परिचर्चा हुई।

प्रो. रविकांत ने कहा, बीजेपी और आप दोनों के चिढ़ में फर्क है। ब्रांडिंग के मामले में दो लोग ही प्रिय है। सरनेम को ब्रांड बनाने वाले दो लोग हैं केजरीवाल और मोदी। इस ब्रांडिंग का ही फायदा मिल रहा है दोनों को। अनिल रॉयल ने कहा केजरीवाल ने दिल्ली में स्कूल और अस्पताल सुधारे। इसका लाभ आमजन को मिल रहा है। वहीं कांग्रेस लीडरशिप में खराब स्थिति में है। आप संतुलित बैटिंग करती है। आप ने पंजाब में दिखाया। शीतल पी सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया पर जो काम किया वह कोई नहीं कर पाया क्योंकि पार्टी को मालूम है कि प्रोप्रोगेंडा का बहुत बड़ा रोल है। केजरीवाल के पास सफलता के मंत्र है, इसका वे बाखूबी इस्तेमाल कर रहे हैं। एजुकेशन पर जबरदस्त काम किया, जो काबिलेतारीफ हैं। पूरे मॉडल को देशभर में प्रचारित भी कर रहे हैं। अशोक वानखेड़े ने कहा केजरीवाल नरेंद्र मोदी के एकलव्य है और वे उनको कॉपी करते हैं, उनके हिसाब से ही चलते हैं। दिल्ली में कांग्रेस बड़ी पार्टी थी और आज उसकी जगह आम आदमी पार्टी ने ले ली। सारे वोट आप ने हाइजैक कर लिया। भाजपा लड़ रही है पर वो जगह नहीं बना पाई।

प्रियंका कक्कड़ ने कहा आम मुद्दों को आम आदमी पार्टी ने जन-जन तक पहुंचाया ही नहीं उन पर काम भी किया है। आम आदमी पार्टी का शिक्षा व स्वास्थ्य पर फोकस है, उसका नतीजा सबको दिख भी रहा है। केजरीवाल की पार्टी को बी टीम बुलाया जाता है तो ये बात गलत है। ए टीम है जनता तो हम उसी पर काम कर रहे है। हार के डर से बीजेपी ने दिल्ली में एमसीडी के चुनाव टाल दिए। यूपी चुनाव में सपा और भाजपा को मेनिफेस्टो में लिखना पड़ा 300 यूनिट बिजली फ्री। जितना हमने लोगों को अवेयर कराया उनके मुद्दों के बारे में, तो बीजेपी, कांग्रेस व अन्य दलों ने नहीं। डॉ. सीपी राय भी परिचर्चा में शामिल हुए।

» 4पीएम की परिचर्चा में प्रबुद्धजनों ने किया मंथन




परिचर्चा
रोज शाम को छह बजे देखिए 4PM News Network पर एक ज्वलंत विषय पर चर्चा

# गैंगस्टर बीरबल गुजराती पर शिकंजा, संपत्ति कुर्क

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

उन्नाव। भूमाफिया व गैंगस्टर बीरबल गुजराती की 4.27 करोड़ की अचल संपत्ति प्रशासन ने कुर्क कर ली है। जब्त की गई संपत्ति में गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के दो मकान, एक बंगला और माल रोड, कानपुर स्थित दो फ्लैट शामिल हैं। तहसील क्षेत्र के कोतवाली गंगाघाट चंपापुरवा निवासी भूमाफिया बीरबल गुजराती पर फरवरी 2018 में मुकदमा दर्ज हुआ था।

» लोगों को धमका कर अपने नाम करा लेता था जमीन

बीरबल के खिलाफ प्रशासन ने गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के तहत कार्रवाई की है। एसपी दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि कुर्क की गई अचल संपत्ति की कुल कीमत 4 करोड़, 27 लाख, 39 हजार रुपये है। आरोपी की अन्य संपत्तियों का पता लगाया जा रहा है। उन्हें भी कुर्क किया जाएगा। कार्रवाई के दौरान एसडीएम सदर सत्यप्रिय सिंह, सीओ कृपाशंकर, नायब तहसीलदार मंजुला मिश्रा, कोतवाल जेबी पांडेय और राजस्व कर्मी शामिल रहे। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के खैरहा एहतमाली स्थित मकान, नेतुआ स्थित घर, कटहादल नारायणपुर में बना बंगला और कानपुर मालरोड स्थित किंग मार्केट के प्रथम तल पर बीरबल व उसकी पत्नी सीमा गुजराती के नाम पर दर्ज दो फ्लैट कुर्क किए गए हैं। वह लोगों को धमका कर जमीन ले लेता था।

# अमेठी से शुरू होगी दिल्ली के लिए हवाई सेवा!

## ईरानी ने उड्डयन मंत्रालय को तीन साल पहले लिखा था पत्र

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**अमेठी। अमेठी के फुरसतगंज हवाई अड्डे से दिल्ली की उड़ान जल्द शुरू हो जाएगी। फुरसतगंज हवाई अड्डे के विकास के लिए बारह करोड़ तीस लाख रुपये व्यय किए जाएंगे। इसके लिए नागरिक उड्डयन विभाग ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। लोगों ने इसके लिए सांसद का आभार जताया है।**

दिल्ली को हवाई सेवा से जोड़ने का लाभ अमेठी के अतिरिक्त रायबरेली, सुलतानपुर, प्रतापगढ़, बाराबंकी के नागरिकों को भी मिलेगा। क्षेत्रीय संपर्कता योजना उड़ान के तहत नागरिक उड्डयन विभाग ने फुरसतगंज हवाई अडडे के विकास के लिए निविदा आमंत्रित किया है। निविदा आनलाइन जमा की जाएगी। 12 करोड़ 30 लाख 73



हजार रुपये व्यय कर टर्मिनल बिल्डिंग, एयरपोर्ट सिस्टम,यात्रियों के बैठने के लिए हाल, अग्निशमन, आटी सिस्टम, कार पार्किंग,




हीटिंग वेंटिलेशन एयर कंडीशनिंग (एचवीएसी)सहित अन्य संबंधित विकास कार्य कराए जाएंगे। गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी व स्थानीय सांसद ने जुलाई 2019 में नागरिक उड्डयन मंत्रालय को एक पत्र लिखा था, जिसमें उन्होंने जिक्र किया था कि फुरसतगंज हवाई अडडा 91 सीट की क्षमता वाली एटीआर की उड़ान के लिए पूरी तौर पर सक्षम है। इस एयरपोर्ट से जनहित में दिल्ली से हवाई सुविधा शुरू होने से अमेठी के अलावां आसपास के जिलों को लाभ होगा। इससे केंद्र व प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना को साकार देने में मदद मिलेगी। सांसद प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि सांसद ने अमेठी से दिल्ली के लिए हवाई सेवा शुरू कराने के लिए करीब तीन साल पहले उड्डयन विभाग को पत्र लिखा था। अब इस दिशा में कार्य शुरू हो गया है।

# मुर्तजा एटीएस मुख्यालय लखनऊ लाया गया

## » गोरखनाथ मंदिर का हमलावर 12 दिन के रिमांड पर

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। गोरखनाथ मंदिर परिसर में पुलिस पर हमला करने वाले मुर्तजा अब्बासी को एटीएस 12 दिनों की रिमांड पर लेकर एटीएस मुख्यालय लखनऊ पहुंची है। अब मुर्तजा से आगे की पूछताछ एटीएस मुख्यालय में ही होगी।**

बता दें कि गोरखनाथ मंदिर के बाहर पुलिस पर हमला करने वाले मुर्तजा के अतंकी संगठन आईएस से तार जुड़े होने की बात सामने आई है। अब तक सामने आए तथ्य इशारा कर रहे हैं कि यह घटना आतंकी साजिश का हिस्सा हो सकती है। आईआईटी बाम्बे से केमिकल इंजीनियरिंग कर चुका हमलावर अहमद मुर्तजा अब्बासी आतंकी संगठन आईएसआईएस से जुड़ा हो सकता



है। सूत्रों के मुताबिक, जांच में लगाई गई यूपी एटीएस और एसटीएफ को उसके लैपटाप से आईएस और सीरिया से जुड़े कुछ वीडियो व साहित्य मिला है। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने भी कहा है कि इसके आतंकी घटना होने से इन्कार नहीं किया जा सकता। हर बिंदु की जांच कराई जा रही है। सूत्रों का कहना है कि मुंबई के एक खाते से कुछ माह पहले सीरिया में किये गए संदिग्ध लेनदेन की जानकारी भी सामने आई है। मुर्तजा के नेपाल कनेक्शन भी खंगाले जा रहे हैं।

# गांवों में मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा देने का करेंगे प्रयास: संजय निषाद

## » मंत्री ने मत्स्य निदेशालय का किया औचक निरीक्षण

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। मत्स्य विकास मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने कहा है कि मत्स्य पालकों के सामाजिक व आर्थिक उत्थान के लिए मत्स्य विभाग को युद्धस्तर पर कार्य करना है। प्रदेश के ग्रामीण अंचलों में मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। मत्स्य विकास मंत्री डॉ. निषाद ने डालीगंज स्थित मत्स्य निदेशालय का औचक निरीक्षण किया।**

मंत्री ने निदेशालय के अधिकारियों से प्रभागों के क्रियाकलापों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को समय से कार्यालय आकर तय अवधि में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यालयों में साफ-सफाई और अभिलेखों का रख-रखाव ठीक ढंग से करने, परिसर में अधिक पौधारोपण किए जाने और कार्यालय के कार्यों को



कंप्यूटरीकृत किये जाने की अपेक्षा की। मत्स्य विकास मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि पिछले पांच सालों में योगी सरकार ने कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया है, इसी वजह से मत्स्य उत्पादन और उत्पादकता में गुणात्मक वृद्धि हो रही है। डॉ. निषाद ने कहा कि मुख्यमंत्री की अपेक्षाओं के अनुरूप आगामी 100 दिनों के कार्यक्रम बनाकर लक्ष्य निर्धारित करें और उन्हें धरातल पर उतारने की तेजी से कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि मत्स्य विभाग का प्रदेश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान है।

# महिलाओं को आईटीआई से अधिकाधिक संख्या में जोड़ें: कपिल देव

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा है कि प्रदेश सरकार महिलाओं को कुशल बनाकर उन्हें रोजगार से जोड़ने का कार्य कर रही है। इसमें विभाग महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है, इसे और बढ़ाते हुए महिलाओं से संबंधित कोर्स का व्यापक प्रचार-प्रसार कर उन्हें आइटीआई से जोड़ा जाए।**

विभाग की ओर से आगामी 100 दिनों में किए जाने वाले कार्यों का प्रजेंटेशन अपने सरकारी आवास पर देखते हुए मंत्री ने कहा कि आईटीआई में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं भी कराई जाएं, ताकि छात्रों को प्रशिक्षण के साथ-साथ सरकार की ओर से चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि आईटीआई में प्रवेश से लेकर रिजल्ट तक की समयसारिणी तैयार की जाए व उस पर अमल किया जाए।

# बैकुंठधाम से लामार्टीनियर क्रिकेट ग्राउंड तक बनेगी एलिवेटेड रोड

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। बैकुंठधाम से 1090 चौराहे की ओर यातायात अब सुगम होगा। ग्रीन कारिडोर परियोजना के तहत बैकुंठधाम से लामार्टीनियर स्कूल के क्रिकेट ग्राउंड तक एलिवेटेड रोड बनाई जाएगी। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई ग्रीन कारिडोर प्रोजेक्ट की बैठक में यह निर्णय लिया गया।**



**एलडीए ने कर ली तैयारी**

टाटा कंसलटिंग इंजीनियर्स ने परियोजना के सभी भागों की एकमुश्त डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) प्रस्तुत की। कुछ जरूरी सुझाव के बाद एक हफ्ते में संशोधित डीपीआर प्रस्तुत करने के आदेश एलडीए उपाध्यक्ष ने दिए। ग्रीन कारिडोर आईआईएम रोड से किसान पथ तक बनाया जाएगा, जिसकी लंबाई 28 किलोमीटर है। ग्रीन कारिडोर के तहत बैकुंठधाम से लामार्टीनियर स्कूल के क्रिकेट ग्राउंड तक एलिवेटेड रोड बनने के बाद लामार्टीनियर बंधा पर 400 मीटर लंबी चार लेन रोड पिपराघाट तक बनेगी। यहां से पिपराघाट को क्रॉस करते हुए वीआइपी रोड तक एक और एलिवेटेड रोड बनेगी। शहीद पथ पर ट्रैफिक जाम को देखते हुए गोमती के दोनों किनारों पर इंटरसेक्शन दिया जाएगा। बैठक में सचिव पवन कुमार गंगवार ने कहा कि सिटी टाउन डेवलपमेंट प्लान में गोमती पर चार पुलों का प्रस्ताव है। जिन स्थानों पर ये पुल प्रस्तावित हैं, उनको ग्रीन कारिडोर प्रोजेक्ट से जोड़ा जाएगा। इसी के अनुसार डीपीआर बनाई जाएगी। फाइनल डीपीआर से पहले यातायात सर्वे कर ग्रीन कारिडोर प्रोजेक्ट के प्रविधानों का परीक्षण किया जाएगा।

# प्रत्याशियों ने नहीं जमा किया खर्च का ब्यौरा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**मुरादाबाद। विधानसभा चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों ने अभी तक अपने खर्च का लेखा-जोखा जमा नहीं किया है। डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने कलक्ट्रेट में बैठक लेकर सभी से नौ अप्रैल तक लेखाजोखा जमा करने को कहा है।**

डीएम ने बैठक में कहा है कि सभी प्रत्याशियों ने नामांकन से लेकर मतगणना तक जो भी व्यय किया है। उसका लेखा-जोखा नौ अप्रैल तक समस्त प्रत्याशियों को दाखिल करना है। इसे लेकर प्रेक्षकों द्वारा वर्चुअल माध्यम से प्रत्याशियों के साथ बैठक आहूत की गयी, जिसमे चुनाव आयोग द्वारा जारी निर्देशों से अवगत कराया गया ताकि संबंधित विवरण है तो जमा किया जा सके। उन्होंने बताया कि निर्वाचन व्यय लेखा जमा करने की अंतिम तिथि नौ अप्रैल है।

# ठाकुरगंज और महानगर में बिना नक्शा पास अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के द्वारा बुधवार को ठाकुरगंज और महानगर थाना क्षेत्र में बिना मानचित्र के अनाधिकृत रूप से भवन का निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई शुरू की गई। ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के सलमान गार्डन गार्डन में फरीदा बेगम ने 2000 वर्ग फीट पर तीन मंजिल का मकान बिना मानचित्र के बनवाया था। इसके साथ ही चौथे तल पर भी निर्माण कराया गया था।**

इस अवैध निर्माण पर भी एलडीए ने फरीदा बेगम को नोटिस जारी किया था। सुनवाई



के बाद न्यायालय ने अवैध निर्माण को तोड़ने का आदेश दिया था, जिस पर बुधवार सुबह प्रवर्तन अधिकारी कमलजीत सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई शुरू की गई। इसी प्रकार जोन 6 के प्रवर्तन अधिकारी राजीव कुमार के नेतृत्व में न्यू हैदराबाद में भी अवैध बिल्डिंग को तोड़ने का कार्य शुरू किया गया है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक **बबिता चतुर्वेदी** के लिए **4पीएम** आस्था प्रिंटर्स, 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (यूपी) से मुद्रित एवं प्रकाशित। **प्रधान संपादक**- अर्चना दयाल, **संपादक** - संजय शर्मा, **स्थानीय संपादक** - सूर्यकांत त्रिपाठी*, **विधि सलाहकार:** सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मोहम्मद हैदर, **वित्तीय सलाहकार:** संदीप बंसल, **कार्टूनिस्ट:** हसन जैदी, **दूरभाष:** 0522- 4078371 | **Email:** daily4pm@gmail.com | **website:** www.4pm.co.in | **RNI-UPHIN/2015/62233** डाक पंजी. सं- SSP/LW/NP-495/2018-2020
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।